राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सरिया कॉलेज में लगी प्रदर्शनी

सरिया. राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सरिया कॉलेज में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी लगायी गयी. का आयोजन किया गया. यह प्रदर्शनी विज्ञान विभाग ने लगायी थी. प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान से संबंधित कई आकर्षक व ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किये. इनमें पाचन तंत्र, डीएनए मॉडल, तितली का जीवन चक्र, पादप कोशिका, प्रकाश संश्लेषण, सौरमंडल, पेंडुलम तथा अल्कोहल सेंसिंग मशीन आदि प्रमुख थे. प्रदर्शनी निरीक्षण व मार्गदर्शन कॉलेज के प्राचार्य डॉ संतोष कुमार लाल ने किया. विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडलों व राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर भी प्रकाश डाला. यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों के लिए विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करने और अपनी वैज्ञानिक समझ को प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट मंच सिद्ध हुई. कुमारी सान्वी, निशा मंडल, प्रकृति कुमारी, काजल कुमारी, साइमा परवीन, अंजलि कुमारी, अफसाना परवीन, कोमल वर्मा, वर्षा रानी, स्वीटी कुमारी, अंशु भारती, सुषमा कुमारी, पूजा वर्मा, प्रेरणा कुमारी व रूपा कुमारी ने मॉडल प्रस्तुत किये. आयोजन में प्रो अलका रानी जोजो, प्रो चायरा, निशा आंइद, प्रो जितेंद्र कुमार का अहम योगदान रहा. मौके पर प्रो कार्तिक प्रसाद यादव, प्रो आरके मिश्रा, डॉ अरुण कुमार, डॉ आशीष सिंह, डॉ प्रमोद कुमार, प्रो असित दिवाकर, डॉ सिलेश मोहन, डॉ श्वेता समेत काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे.

विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए आकर्षक माडल

संवाद सहयोगी, जागरण ● सरिया (गिरिडीह) : शनिवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सरिया कालेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी प्राणीशास्त्र, वनस्पति विज्ञान और विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान से संबंधित अनेक आकर्षक व ज्ञानवर्धक माडल प्रस्तुत किए। इनमें पाचन तंत्र, डीएनए माडल, तितली का जीवन चक्र, पादप कोशिका, प्रकाश संश्लेषण, सौरमंडल, पेंडुलम तथा अल्कोहल सेंसिंग मशीन आदि प्रमुख थे। कार्यक्रम का निरीक्षण व मार्गदर्शन महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संतोष कुमार लाल ने किया। मौके पर सांवी, निशा मंडल, प्रकृति कुमारी,

विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल सरिया कालेज की छात्राएं ● जागरण

काजल कुमारी, साइमा परवीन, अंजली कुमारी, अफसाना परवीन, कोमल वर्मा, वर्षा रानी, स्वीटी कुमारी आदि ने माडल प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो अलका रानी जोजो, प्रो चायरा निशा आंईद, प्रो जितेंद्र कुमार, प्रो कार्तिक प्रसाद यादव, प्रो आरके मिश्रा, डा अरुण कुमार, डा आशीष कुमार सिंह आदि का योगदान रहा।

दैनिक भास्कर
गिरिडीह भास्कर 01-03-2026

विद्यार्थियों ने आकर्षक मॉडल प्रस्तुत कर वैज्ञानिक सोच का किया प्रदर्शन

भास्कर न्यूज़ | सरिया

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सरिया कॉलेज, सरिया में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी प्राणीशास्त्र, वनस्पति विज्ञान एवं विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुई। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान से संबंधित अनेक आकर्षक और ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए। इनमें पाचन तंत्र, डीएनए मॉडल, तितली का जीवन चक्र, पादप कोशिका, प्रकाश संश्लेषण, सौरमंडल, पेंडुलम तथा अल्कोहल सेंसिंग मशीन प्रमुख रूप से शामिल थे।

कार्यक्रम का निरीक्षण एवं मार्गदर्शन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार लाल ने किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडलों की विस्तार से व्याख्या की और राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करने तथा उनकी वैज्ञानिक समझ और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच साबित हुई। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

मॉडल प्रस्तुति में कुमारी सान्वी, निशा मंडल, प्रकृति कुमारी, काजल कुमारी, साइमा परवीन, अंजली कुमारी, अफसाना परवीन, कोमल वर्मा, वर्षा रानी, स्वीटी कुमारी, अंशु भारती, सुषमा कुमारी, पूजा वर्मा, प्रेरणा कुमारी और रूपा कुमारी की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो. अलका रानी जोजो, प्रो. चायरा निशा आंइद और प्रो. जितेंद्र कुमार का अहम योगदान रहा। इस अवसर पर प्रो. कार्तिक प्रसाद यादव, प्रो. आरके मिश्रा, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. आशीष कुमार सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार, प्रो. आसित दिवाकर, डॉ. सिलेश मोहन और डॉ. श्वेता सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।